ई–मेल / डाक

राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

क्रमांकः एफ.4(3)(3)रोल्स / निर्वा / स्वीप / 2013 / 5778 जयपुर, दिनांकः 14/10/2013

प्रेषकः मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषितः समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान (कलेक्टर)

विषय :– विधानसभा आम चुनाव, 2013 हेतु चुनावी साक्षरता (Electoral literacy) राज्य संदर्भ केन्द्र, जयपुर / जोधपुर द्वारा आयोज्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ब्लॉक समन्वयक / जिला समन्वयकों को भिजवाने तथा प्रेरकों के आधा दिवसीय प्रशिक्षण की पूर्व तैयारी के क्रम में ।

प्रसंग :– निदेशालय साक्षरता एवं सतत शिक्षा राजस्थान एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, जयपुर का पत्र क्रमांक प.17 (5) प्रशिक्षण / 2011 / 16521–53 दिनांक 07.10.2013

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निदेशालय साक्षरता एवं सतत शिक्षा राजस्थान एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, जयपुर के प्रासंगिक पत्र दिनांक 07.10.2013 का अवलोकन करें । राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं भारत निर्वाचन आयोग के मध्य संपन्न एम0ओ0यू के अनुसार चुनावी साक्षरता का प्रचार–प्रसार कर लोगों में चुनाव के प्रति जागरूकता हेतु राज्य में विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

2. इस जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा मास्टर्स ट्रेनर्स प्रशिक्षण कलेण्डर प्रस्तावित किया गया है, जो पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। प्राधिकरण द्वारा राज्य में विभिन्न जिलों का ग्रुप बनाते हुये दिनांक 14 अक्टूबर, 2013 से 26 अक्टूबर, 2013 के मध्य जिलेवार मुख्य संदर्भ व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

3. साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा इस क्रम में विभाग से यह अपेक्षा की गई है कि उनके द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिन जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, में संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित जानकारी रखने वाले किसी दक्ष अधिकारी को भिजवाया जावें जिससे कि इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान निर्वाचन संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी तत्काल उपलब्ध करवायी जा सकें। इस विषय में निदेशालय से प्राप्त पत्र की प्रति आपके सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि निदेशालय, साक्षरता एवं सतत् शिक्षा राजस्थान एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, जयपुर तथा चुनावी साक्षरता से संबंधित प्रचार–प्रसार संबंधी समस्त कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है अतः स्वीप कार्ययोजना के अन्तर्गत जो अधिकारी इस कार्य को देख रहे है उन्हें भी इनसे सम्पर्क करने हेतु निर्देशित करें, जिससे कि विभिन्न स्तरों पर किये जाने वाले प्रचार–प्रसार संबंधी कार्यक्रम प्रभावी रूप से आयोजित किये जा सकें ।

संलग्न : उपरोक्तानुसार ।

15/10

(अशोक जैन)
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

राजस्थान सरकार
निदेशालय साक्षरता एवं सतत शिक्षा, राजस्थान
एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण
साक्षर भारत
डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक-5th, प्रथम तल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302017
: 0141-2708836, 2708902, Fax No.-2709025, 2701445
e-mail : dir-lit-rj@nic.in, website - www.rajliteracy.org

क्रमांक : प.11(5)/प्रशिक्षण/2011/ 16521-53 दिनांक 07/10/2013

समस्त जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी,
(कोटा एवं प्रतापगढ़ को छोडकर)

विषय :- चुनावी साक्षरता (Electoral literacy) हेतु राज्य संदर्भ केन्द्र, जयपुर / जोधपुर द्वारा आयोज्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ब्लॉक समन्वयक/जिला समन्वयकों को भिजवाने तथा प्रेरकों के आधा दिवसीय प्रशिक्षण की पूर्व तैयारी के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं चुनाव आयोग के मध्य सम्पन्न एम.ओ.यू. के अनुसार चुनावी साक्षरता (Electoral literacy) का प्रचार-प्रसार कर लोगों में चुनाव के प्रति जागरूकता के लिये विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

सर्वप्रथम उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत राज्य संदर्भ केन्द्र, जयपुर/जोधपुर द्वारा मुख्य संदर्भ व्यक्ति/संदर्भ व्यक्तियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है। दुसरे दौर में दक्ष प्रशिक्षकों (एम.टी.) का प्रशिक्षण होगा।

दक्ष प्रशिक्षकों की सूची में आप अपने जिले के प्रत्येक ब्लॉक से दो ब्लॉक समन्वयकों, दो जिला समन्वयकों, जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी स्वयं, तथा सहायक परियोजना अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेगें। किसी भी जिले में जिला व ब्लॉक समन्वयक (प्रत्येक स्तर पर 2 अपेक्षित) कार्यरत न होने की स्थिति में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी जिलें में अन्य शिक्षकों/कार्मिकों को नामांकित कर सकेगें। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी नामांकित कार्मिक उक्त. जिलें में चुनाव कार्य में व्यस्त न हो यह सुनिश्चित किया जाये। इस स्थिति में सेवानिवृत शिक्षक/ कार्मिकों को नामांकित किया जाये जिससे ब्लॉक पर होने वाले प्रेरक प्रशिक्षण में कोई व्यवधान न हो। दक्ष प्रशिक्षकों की सूची में पर्याप्त संख्या में व्यक्तियों के मनोनयन हेतु सम्बन्धित राज्य संदर्भ केन्द्र के निदेशक से दूरभाष से सम्पर्क किया जा सकता है। दक्ष प्रशिक्षकों के आवास, भोजन एवं अन्य समस्त व्यवस्थाओं सम्बन्धी वित्तीय भार सम्बन्धित राज्य संदर्भ केन्द्र द्वारा वहन किया जायेगा। दक्ष प्रशिक्षकों के विधिवत टी.ए./डी.ए. का भुगतान भी राज्य संदर्भ केन्द्र द्वारा वहन किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण दो दिवसीय एवं आवसीय होगा।

दक्ष प्रशिक्षकों (एम.टी.) का यह प्रशिक्षण जयपुर एस.आर.सी. द्वारा 14-15 अक्टूबर, 17-18 अक्टूबर को आयोजित किये जाने तथा जोधपुर एस.आर.सी. द्वारा 21 अक्टूबर से प्रारम्भ किये जाने की सम्भावना है। अतः तदानुसार पूर्व तैयारी करना सुनिश्चित करें। उपरोक्तानुसार प्रशिक्षित दक्ष प्रशिक्षक (एम.टी.) सम्बन्धित जिले में प्रेरकों को चुनावी साक्षरता (Electoral literacy) प्रशिक्षण देगें। प्रेरकों का यह चुनावी साक्षरता प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर आधे दिवस का ही होगा। जिसकी आप अपने जिले में पूर्व तैयारी करनंा सुनिश्चित करें।

चुनावी साक्षरता के प्रेरकों के आधे दिवसीय प्रशिक्षण की कार्ययोजना दिनांक 10.10.13 तक बनाकर निदेशालय को भिजवाते हुए दक्ष प्रशिक्षक (एम.टी.) समाप्ति के 3 दिवस में प्रेरक प्रशिक्षणों का आयोजन भी सुनिश्चित किया जायें। चूकिं प्रेरकों के प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षणों के तुरन्त पश्चात आयोजित करवाये जाने है।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

संलग्न :- SRC जयपुर/जोधपुर का प्रस्तावित कलैण्डर

(निवेदिता मेहरू)
निदेशक

क्रमांक : प.11(5)/प्रशिक्षण/2011/ 16521-53 दि० 07-10-2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निदेशक राज्य संदर्भ केन्द्र, जयपुर/जोधपुर

उपनिदेशक(साक्षरता)

6

चुनावी साक्षरता अभियान
राज्य संदर्भ केंद्र, जयपुर तथा साक्षरता एवं सतत् शिक्षा निदेशालय, राजस्थान सरकार, जयपुर

# मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कैलेंडर
## (प्रस्तावित)

| क्र.सं. | ध्जला | संभागी सं. | दिनांक | मुख्य संदर्भ व्यक्ति | प्रशिक्षण कार्यक्रम के जिले |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़* राजसमंद | 22+14+14 (50) दो बैचों में | 14–15 अक्टूबर, 13 | श्री हरीश पंड्या, श्रीशांतिलाल छापरवाल, श्री कैलाश जाड़ावत, सरोज राठौड़ | चित्तौड़गढ़ |
| 2 | झालावाड़, बाराँ | 12+14 (26) | 14–15 अक्टूबर, 13 | श्री दिनेश पुरोहित, श्री ध्रुव यादव श्रीमती नीलिमा, श्री तरुण हृदय | झालावाड़, |
| 3 | भरतपुर, धौलपुर | 18+8 (26) | 14–15 अक्टूबर, 13 | श्री सत्येन्द्र कुमार, श्री शीतलप्रसाद शुक्ला, श्री केसरलाल त्रिवेदी, श्री सुधांशु मोहन जैन | भरतपुर |
| 4 | जयपुर, दौसा | 26+10 (36) | 17–18 अक्टूबर, 13 | श्री ध्रुव यादव, डॉ0 विमलेश पारीक सुश्री सुषमा शर्मा सुश्री शोभा शर्मा | जयपुर |
| 5 | टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी | 12+10+8 (30) | 17–18 अक्टूबर, 13 | श्री केसरलाल त्रिवेदी, श्री ऋषिकुमार श्री राकेश यादव श्रीमती बटीना मलिक | सवाईमाधोपुर |
| 6 | अलवर, करौली | 28+10 (38) | 17–18 अक्टूबर, 13 | श्री सत्येन्द्र कुमार, श्री शीतलप्रसाद शुक्ला, श्री दिनेश पुरोहित, श्रीमती रचना सिद्धा | अलवर |
| 7 | बांसवाड़ा, डूंगरपुर | 16+10 (26) | 17–18 अक्टूबर, 13 | श्री हरीश पंड्या, श्रीशांतिलाल छापरवाल, श्री गोपाल लाल सोनी | बांसवाड़ा |

* उक्त कार्यक्रम में संभागी संख्या अधिक होने के कारण यह कार्यक्रम दो बैचों में (चित्तौड़गढ़) आयोजित होगा।

साक्षर भारत

# राज्य संसाधन केन्द्र, जोधपुर

## चुनावी साक्षरता कार्यक्रम हेतु दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

### प्रस्तावित कैलण्डर

| क्र. स. | आयोजन तिथि | जिले | *संभागी स. | आयोजन स्थल | मुख्य संदर्भ व्यक्ति | प्रभारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18–19 अक्टुबर 2013 | अजमेर / नागौर | 42 | किसान भवन / युथ होस्टल, अजमेर | श्री ध्रुव यादव<br>श्री सत्यनारायण न्याती<br>श्री ए.जे. खान<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | रजनी संवरीया |
| 2 | 18–19 अक्टुबर 2013 | झुझनु / सीकर | 36 | डाइट / सती मन्दिर, झुझनु | श्री ओम पुरोहित<br>श्री भरत ओला<br>श्री राजेन्द कुम्पावत<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | मनीष सिंह |
| 3 | 21–22 अक्टुबर 2013 | जोधपुर / पाली | 46 | युथ होस्टल, जोधपुर | श्री राजेन्द कुम्पावत<br>श्री ए.जे. खान<br>श्री अजय शर्मा<br>श्री इम्तीयाज खान<br>श्री ध्रुव यादव<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | रेहाना बेगम<br>रजनी संवरीया |
| 4 | 22–23 अक्टुबर 2013 | बीकानेर / चुरु | 32 | किसान भवन, बीकानेर | डा. इदरीश खान<br>श्री इम्तीयाज खान<br>श्री राजेन्द्र जोशी<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | सुमन शर्मा<br>मनीष सिंह |
| 5 | 23–24 अक्टुबर 2013 | जैसलमेर / बाड़मेर | 26 | बाड़मेर | श्री ओम पुरोहित<br>श्री ताराचन्द्र<br>श्री राजेन्द कुम्पावत<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | विजय माथुर |
| 6 | 24–25 अक्टुबर 2013 | सिरोही / जालौर | 32 | सिरोही | श्री इम्तीयाज खान<br>श्रीमती आशा देवड़ा<br>श्री मुकद्दर मो. शेख<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | रेहाना बेगम |
| 7 | 25–26 अक्टुबर 2013 | हनुमानगढ / गंगानगर | 34 | डाईट / गुरुद्वारा गंगानगर | श्री ओम पुरोहित<br>श्री भरत ओला<br>श्री सोहनलाल<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | मनीष सिंह |
| 8 | 25–26 अक्टुबर 2013 | उदयपुर | 26 | उदयपुर | श्री ध्रुव यादव<br>श्री हरीश पाड्या<br>श्री इम्तीयाज खान<br>श्री मीनु जोजफ<br>चुनाव आयोग के प्रतिनिधि | सुमन शर्मा<br>विजय माथुर |
| | योग | | 274 | | | |

* प्रति ब्लॉक 2 ब्लॉक समन्वयक + 2 जिला समन्वयक